प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
27.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ को बताया परिवर्तन के युग की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय मण्डी शिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ— मण्डी में शिवधाम के लिए 100 करोड़ रूपए देने की घोषणा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप—नशाखोरी की समस्या से निपटने में प्रदेश सरकार पूरी तरह रही नाकाम।
- प्रदेश में बर्फबारी व वर्षा का दौर जारी— भारी हिमपात के चलते पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कटा।

प्रधानमंत्री

प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को अपनी विरासत पर गर्व है और भारत नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन के युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या न केवल एक रिकॉर्ड है बल्कि इसने भारतीय संस्कृति और विरासत को कई सदियों तक समृद्ध बनाए रखने के लिए एक मजबूत नींव रखी है। महाकुंभ के सफल समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने लोगों की कड़ी मेहनत, प्रयास और दृढ़ संकल्प के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान 140 करोड़ नागरिकों की आस्था एक साथ इस पर्व पर केंद्रित रही, जोकि अभिभूत करने वाला पल है।

मंडी—शिवरात्रि

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज भव्य शोभा यात्रा के साथ आरम्भ हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने लोगों को शिवरात्रि महोत्सव की बधाई दी और मंडी में शिवधाम के निर्माण के लिए सौ करोड़ रूपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस शिवधाम का निर्माण अगले दो वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं और भविष्य में भी इस तरह की जनकल्याणकारी पहल जारी रहेगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने मण्डी जिले के द्रंग और सदर विधानसभा क्षेत्रों के लिए करीब 47 करोड़ रूपए की 9 विकास परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास भी किए।

अग्निहोत्री

उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के सभी तालाबों और जलाशयों की गणना कर इनका डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इससे जल संरचनाओं के संरक्षण और विकास के लिए खाका तैयार करने में मदद मिलेगी। ऊना में आज एक बैठक में उन्होंने इस कार्य के लिए जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाए जाने के निर्देश दिए। अग्निहोत्री ने बताया कि ये पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए जलसंरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि

जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में अधिकारियों और कर्मचारियों सहित आम लोगों को राजनीतिक नेतृत्व के साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। धनीराम शांडिल ने कहा कि नशा निवारण सहित युवाओं को नशे से बचाने के लिए राज्य सरकार व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों का तय समय में निपटारा करने के निर्देश भी दिए।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और विधायक संजय अवस्थी ने केन्द्र से हिमाचल को आर्थिक मदद न मिलने का आरोप लगाया है। शिमला में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश से भाजपा सांसद भी केन्द्र से मदद लाने में नाकाम रहे हैं। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि इस संबंध में विपक्ष भ्रामक बयानबाजी कर रहा है जबकि सच्चाई ये है कि मुख्यमंत्री अपने खर्च पर परिवार सहित निजी दौरे पर विदेश गए थे। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा के खराब वित्तीय प्रबंधन के कारण ही सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। वे आज कांगड़ा जिले के नागरिक अस्पताल ज्वाली में अल्ट्रासाउंड मशीन के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के अस्पतालों में करोड़ों रूपए खर्च कर पुरानी मशीनों को बदल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि ज्वाली अस्पताल में इस मशीन के स्थापित होने से स्थानीय लोगों को सटीक और त्वरित चिकित्सा जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार नशाखोरी की समस्या से निपटने में पूरी तरह नाकाम रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है और नशे की वजह से लोग जान गंवा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में नशे के कारोबार के हालात चिंताजनक और शर्मनाक है। उन्होंने राज्य सरकार को नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार करने की सलाह देते हुए कहा कि इस अभियान में भाजपा भी सरकार का पूरा साथ देने के लिए प्रतिबद्ध है। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि नशा माफिया को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और इसी कारण प्रशासन भी कई बार अपना काम ठीक से नहीं कर पाता है।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने युवाओं से सोशल मीडिया और इंटरनेट सेवाओं का सदुपयोग सुनिश्चित बनाने का आहवान किया है। वे आज चम्बा जिले के भटियात क्षेत्र के अवांह और होबार में पुस्तकालयों के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोले जा रहे हैं।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल कल शिमला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगी। इस दौरान वे सरकार और संगठन से जुडे काम काज की जानकारी लेंगी। कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद ये उनका हिमाचल का पहला दौरा है। इस दौरान वे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल सदस्यों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगी। इस बैठक से मिली फीडबैक के आधार पर रजनी पाटिल अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेगी।

मौसम

प्रदेश के अनेक इलाकों में वर्षा और उंची चोटियों पर हिमपात का क्रम आज दूसरे दिन भी जारी है। भारी बर्फबारी के चलते चम्बा जिला में जनजातीय पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है। पांगी के मुख्यालय किलाड़ में अब तक करीब एक फुट ताजा हिमपात हो चुका है। घाटी को जोड़ने

वाले अंदरूनी मार्ग भी बर्फबारी के चलते अवरूद्ध है। लाहौल–स्पिति जिले में भी लगातार हो रही बर्फबारी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। किन्नौर और शिमला जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में भी हिमपात हो रहा है। प्रशासन ने खराब मौसम के चलते लोगों से बेवजह यात्रा न करने की अपील की है। कुल्लू ज़िले में पर्यटन नगरी मनाली सहित ऊंचाई वाले अन्य क्षेत्रों में भी बर्फबारी जारी है। ज़िले में सोलंगनाला से आगे अटल टनल की ओर जाने वाला सड़क मार्ग धुंधी के नज़दीक ग्लेशियर आ जाने के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भी बारिश व बर्फबारी की सम्भावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है।

नगर निगम

शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने शहर के विकास के लिए आज निगम का करीब एक सौ 88 करोड़ रूपए का बजट पेश किया। ये बजट बीते वित्त वर्ष के मुकाबले 59 करोड़ रूपए कम है। महापौर ने बताया कि आगामी बजट में शहर में बहुउद्देशीय मॉल सहित संजौली में 15 करोड़ रूपए की लागत से वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। इसके अलावा बजट में आपदा के लिए शहर में अर्ली वार्निंग सेंटर बनाने की घोषणा की गई है। सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि निगम द्वारा शहर के लोगों को अच्छी सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा द्वारा बजट के विरोध को उन्होंने राजनीति से प्रेरित करार दिया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसान, बागवान और ग्रामीण कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अनेक योजनाओं से प्रदेश के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना से प्रदेश के करीब 9 लाख 73 हजार किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों को सड़कों से जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने अहम भूमिका निभाई है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ को बताया परिवर्तन के युग की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय मण्डी शिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ– मण्डी में शिवधाम के लिए 100 करोड़ रूपए देने की घोषणा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–नशाखोरी की समस्या से निपटने में प्रदेश सरकार पूरी तरह रही नाकाम।
- प्रदेश में बर्फबारी व वर्षा का दौर जारी– भारी हिमपात के चलते पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कटा।